CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION

# CBSE 2026-27

## हिंदी पाठ्यक्रम 'अ' (Hindi Course A)

Subject Code: 002 | कक्षा दसवीं (Class X)

Solutions

## प्रतिदर्श प्रश्न पत्र – सेट 6

**समय: 3 घंटे** **अधिकतम अंक: 80**

### सामान्य निर्देश

1. इस प्रश्न पत्र में कुल 15 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. यह प्रश्न पत्र चार खंडों में विभाजित है — क, ख, ग और घ।
3. खंड – क में अपठित बोध पर आधारित कुल 2 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 10 है।
4. खंड – ख में व्यावहारिक व्याकरण पर आधारित कुल 4 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 20 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 16 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
5. खंड – ग में पाठ्यपुस्तक (क्षितिज भाग-2) और पूरक पाठ्यपुस्तक (कृतिका भाग-2) पर आधारित कुल 5 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 21 है। प्रश्नों में विकल्प दिए गए हैं।
6. खंड – घ में रचनात्मक लेखन पर आधारित कुल 4 प्रश्न हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
7. प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए तथा शब्द-सीमा का ध्यान रखिए।
8. यथासंभव चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

### परीक्षा प्रारूप

| खंड | प्रश्न का प्रकार | प्रश्नों की संख्या | प्रति प्रश्न अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|
| क | अपठित बोध — अपठित गद्यांश एवं अपठित काव्यांश (प्रत्येक में 3 बहुविकल्पीय ×1 + 2 लघु उत्तरीय ×2) | 2 | 7 | 14 |
| ख | व्यावहारिक व्याकरण — वाक्य भेद, वाच्य, पद परिचय, अलंकार (प्रत्येक में 5 में से 4 अति लघु उत्तरीय ×1) | 4 | 4 | 16 |
| ग | क्षितिज-2 पठित गद्यांश (5 बहुविकल्पीय प्रश्न ×1) | 1 | 5 | 5 |
| ग | क्षितिज-2 गद्य खंड — लघु उत्तरीय (4 में से 3 ×2; 25-30 शब्द) | 1 | 6 | 6 |
| ग | क्षितिज-2 पठित काव्यांश (5 बहुविकल्पीय प्रश्न ×1) | 1 | 5 | 5 |
| ग | क्षितिज-2 काव्य खंड — लघु उत्तरीय (4 में से 3 ×2; 25-30 शब्द) | 1 | 6 | 6 |
| ग | कृतिका-2 — दीर्घ उत्तरीय (3 में से 2 ×4; 50-60 शब्द) | 1 | 8 | 8 |
| घ | अनुच्छेद लेखन (3 में से 1; लगभग 120 शब्द) | 1 | 6 | 6 |
| घ | पत्र लेखन — औपचारिक/अनौपचारिक (2 में से 1; लगभग 100 शब्द) | 1 | 5 | 5 |
| घ | स्ववृत्त अथवा ई-मेल लेखन (लगभग 80 शब्द) | 1 | 5 | 5 |
| घ | विज्ञापन अथवा संदेश लेखन (लगभग 40 शब्द) | 1 | 4 | 4 |
| | **योग** | **15** | | **80** |

### इकाई-वार अंक भार

| इकाई | इकाई का नाम | अध्याय / विषय | अंक |
|---|---|---|---|
| क | अपठित बोध | अपठित गद्यांश (7), अपठित काव्यांश (7) | 14 |
| ख | व्यावहारिक व्याकरण | रचना के आधार पर वाक्य भेद (4), वाच्य (4), पद परिचय (4), अलंकार (4) | 16 |

| इकाई | इकाई का नाम | अध्याय / विषय | अंक |
|---|---|---|---|
| ग | पाठ्यपुस्तक — क्षितिज भाग-2 (गद्य खंड) | नेताजी का चश्मा, बालगोबिन भगत, लखनवी अंदाज़, एक कहानी यह भी, नौबतखाने में इबादत, संस्कृति | 11 |
| ग | पाठ्यपुस्तक — क्षितिज भाग-2 (काव्य खंड) | सूरदास के पद, राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद, आत्मकथ्य, उत्साह व अट नहीं रही है, यह दंतुरित मुसकान व फसल, संगतकार | 11 |
| ग | पूरक पाठ्यपुस्तक — कृतिका भाग-2 | माता का अँचल, साना-साना हाथ जोड़ि, मैं क्यों लिखता हूँ? | 8 |
| घ | रचनात्मक लेखन | अनुच्छेद (6), पत्र (5), स्ववृत्त/ई-मेल (5), विज्ञापन/संदेश (4) | 20 |
| | **योग** | | **80** |

## खंड – क

अपठित बोध (14 अंक) — प्रश्न 1 और 2

**Q1.** निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **[7]**

हमारे देश में हिंदी फिल्मों के गीत अपने आरंभ से ही आम दर्शक के सुख-दुःख के साथी रहे हैं। वर्तमान समय में हिंदी फिल्मों के गीतों ने आम जन के हृदय में लोकगीतों सी आत्मीय जगह बना ली है। जिस तरह से एक जमाने में लोकगीत जनमानस के सुख-दुख, आकांक्षा, उल्लास और उम्मीद को स्वर देते थे, आज फिल्मी गीत उसी भूमिका को निभा रहे हैं। इतना ही नहीं देश की विविधता को एकता के सूत्र में बाँधने में हिंदी फिल्मों का योगदान सभी स्वीकार करते हैं। हिंदी भाषा की शब्द संपदा को समृद्ध करने का जो काम राजभाषा विभाग तत्सम शब्दों की सहायता से कर रहा है, वही कार्य फिल्मी गीत और संवाद लिखने वाले विविध क्षेत्रीय भाषाओं के मेल से करते हुए दिखाई पड़ रहे हैं। यह गाने जन-जन के गीत इसी कारण बन सके क्योंकि इनमें राजनीति के उतार-चढ़ाव की अनुगूंजों के साथ देहाती, कस्बाई और नए बने शहरों का देशज जीवन दर्शन भी आत्मसात किया जाता रहा है। भारत की जिस गंगा-जमुनी संस्कृति का महिमामंडन बहुधा होता है उसकी गूंज भी इन गीतों में मिलती है। आजादी की लड़ाई के दौरान लिखे प्रदीप के गीत हों या स्वाधीनता प्राप्ति के साथ ही होने वाले देश के विभाजन की विभीषिका, सभी को भी इन गीतों में बहुत संवेदनशील रूप से व्यक्त किया गया है।

हिंदी फिल्मी गीतों के इस संसार में हिंदी-उर्दू का 'झगड़ा' भी कभी पनप नहीं सका। प्रदीप, नीरज जैसे शानदार हिंदी कवियों, इंदीवर तथा शैलेंद्र जैसे श्रेष्ठ गीतकारों और साहिर, कैफी, मजरूह जैसे मशहूर शायरों को हिंदी सिनेमा में हमेशा एक ही बिरादरी का माना जाता रहा है। यह सिनेमा की इस दुनिया की ही खासियत है कि एक तरफ गीतकार साहिर ने 'कहाँ हैं कहाँ हैं मुहाफिज खुदी के / जिन्हें नाज है हिंद पर / वो कहाँ हैं' लिखा तो दूसरी तरफ उन्होंने ही 'संसार से भागे फिरते हो / भगवान को तुम क्या पाओगे! / ये भोग भी एक तपस्या है / तुम प्यार के मारे क्या जानोगे / अपमान रचयिता का होगा / रचना को अगर ठुकराओगे!' जैसी पंक्तियाँ भी रची हैं। परवर्तियों में गुलजार ऐसे गीतकार हैं जिन्होंने उर्दू, हिंदी, पंजाबी, राजस्थानी के साथ पुरबिया बोलियों में मन को मोह लेने वाले गीतों की रचना की है। 'बंदिनी' के 'मोरा गोरा अंग लइले, मोहे श्याम रंग दइदे', 'कजरारे-कजरारे तेरे कारे-कारे नयना!', 'यारा सिली सिली रात का ढलना' और 'चप्पा चप्पा चरखा चले' जैसे गीतों को रचकर उन्होंने भारत की साझा संस्कृति को मूर्तिमान कर दिया है। वस्तुतः भारत में बनने वाली फिल्मों में आने वाले गीत उसे विश्व-सिनेमा में एक अलग पहचान देते हैं। ये गीत सही मायने में भारतीय संस्कृति की खूबसूरती को अभिव्यक्त करते हैं।

(i) हिंदी फिल्मी गीतों और लोकगीतों में क्या समानता है? **[1]**

(a) ये जनमानस के रीति-रिवाजों और कल्पनाओं को स्वर देते हैं।
(b) ये जनमानस के जीवन के अनुभवों और विचारों को स्वर देते हैं।
(c) ये जनमानस के सुख-दुख, उल्लास और उम्मीद को स्वर देते हैं।
(d) ये जनमानस के जीवन के यथार्थ और कठोरताओं को स्वर देते हैं।

(ii) हिंदी भाषा की शब्द संपदा को समृद्ध करने का काम फिल्मी गीतों ने किस प्रकार किया? **[1]**

(a) राजभाषा विभाग के सहयोग से
(b) विविध क्षेत्रीय भाषाओं के मेल से
(c) विविध भाषाओं की फिल्मों को प्रोत्साहित करके
(d) विविध भाषाओं की फिल्मों को हतोत्साहित करके

(iii) **अभिकथन (A):** हिंदी फिल्मों के गाने जन-जन के गीत बन गए हैं।
**कारण (R):** इन गीतों में राजनीति के उतार-चढ़ाव की अनुगूंजों के साथ देहाती, कस्बाई और नए बने शहरों का देशज जीवन दर्शन आत्मसात किया जाता रहा है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

(iv) गद्यांश के अनुसार हिंदी फिल्मी गीतों में किन ऐतिहासिक घटनाओं की गूँज मिलती है? **[2]**

(v) 'हिंदी-उर्दू का झगड़ा' फिल्मी गीतों की दुनिया में क्यों नहीं पनप सका? स्पष्ट कीजिए। **[2]**

**Q2.** निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **[7]**

गुरु वही जो दीप जलाए,
अंधकार को दूर भगाए;
अक्षर-अक्षर गढ़ता जाए,
सपनों को भी पंख लगाए।

हर कठिनाई में जो साथी,
राह दिखाए नई-नई;
मेहनत-सच्चाई का पाठ
मन में बोए निष्ठा सही।

छड़ी नहीं, प्रेम से पढ़ाए,
डाँट नहीं, सीख सिखाए;
नन्हे मन को प्यार से गढ़कर
कल का भारत यही बनाए।

(i) कविता में गुरु को कैसा बताया गया है? **[1]**

(a) जो दीप जलाकर अंधकार दूर करे (b) जो केवल डाँटे
(c) जो धन कमाए (d) जो नौकरी दिलाए

(ii) कविता के अनुसार गुरु किससे पढ़ाते हैं? **[1]**

(a) डाँट से (b) प्रेम से (c) भय से (d) धन से

(iii) कविता के अनुसार गुरु मन में कौन-सा बीज बोते हैं? **[1]**

(a) निष्ठा और सच्चाई का (b) अहंकार का
(c) आलस्य का (d) भय का

(iv) गुरु सपनों को पंख कैसे लगाते हैं? **[2]**

(v) कविता में गुरु के पढ़ाने के ढंग की कौन-सी विशेषता बताई गई है? **[2]**

## खंड – ख

व्यावहारिक व्याकरण (16 अंक) — प्रश्न 3 से 6; प्रत्येक प्रश्न के पाँच में से किन्हीं चार उपप्रश्नों के उत्तर दीजिए

**Q3.** निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **[1×4=4]**

(i) हालदार साहब को उधर से गुज़रते समय मूर्ति में कुछ अंतर दिखाई दिया। (मिश्र वाक्य में बदलिए) **[1]**

(ii) खीरे के स्वाद के आनंद में नवाब साहब की पलकें मुँद गईं। (मिश्र वाक्य में बदलिए) **[1]**

(iii) आँधी के कुछ दूर निकल जाने पर हम लोग घर की ओर दौड़े। (मिश्र वाक्य में बदलिए) **[1]**

(iv) मुक्तेश्वर की यात्रा में हमने हिमालय की अभिराम छवि को देखा। (मिश्र वाक्य में बदलिए) **[1]**

(v) रात होते ही तारे चमकने लगे। (संयुक्त वाक्य में बदलिए) **[1]**

**Q4.** निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **[1×4=4]**

(i) मुझसे यह काम नहीं हो सकता। (कर्तृवाच्य में बदलिए) **[1]**

(ii) बिना सहारे दादाजी अब चल नहीं पाते हैं। (भाववाच्य में बदलिए) **[1]**

(iii) कैप्टन नेताजी की मूर्ति पर असली चश्मा लगाता था। (कर्मवाच्य में बदलिए) **[1]**

(iv) कर्मवाच्य और भाववाच्य में मुख्य अंतर क्या है? **[1]**

(v) मेरे द्वारा समय की पाबंदी पर निबंध लिखा गया। (कर्तृवाच्य में बदलिए) **[1]**

**Q5.** निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **[1×4=4]**

(i) निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'यह पुस्तक मेरी बड़ी बहन ने लिखी है।' (रेखांकित पद: यह) **[1]**

(ii) निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'आम के पेड़ पर ढेरों बंदर कूद रहे थे।' (रेखांकित पद: ढेरों) **[1]**

(iii) निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'उत्तराखंड में आए दिन भूस्खलन की घटनाएँ हो रही हैं।' (रेखांकित पद: उत्तराखंड) **[1]**

(iv) निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'मैं कल दिल्ली जाऊँगा।' (रेखांकित पद: मैं) **[1]**

(v) निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'शाहनी का घर से निकलना छोटी-सी बात नहीं है।' (रेखांकित पद: छोटी-सी) **[1]**

**Q6.** निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **[1×4=4]**

(i) निम्नलिखित काव्य-पंक्ति में अलंकार पहचानकर लिखिए : 'तुम्ह तौ कालु हाँक जनु लावा। बार बार मोहि लागि बोलावा॥' **[1]**

(ii) निम्नलिखित काव्य-पंक्ति में अलंकार पहचानकर लिखिए : 'छुअत टूट रघुपतिहु न दोसू।' **[1]**

(iii) निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : 'नदी गाती हुई बह रही है।' **[1]**

(iv) निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : 'जीवन-नैया डोल रही है।' **[1]**

(v) निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : 'तुम हिमगिरि-सी ऊँची हो।' **[1]**

## खंड – ग

पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक (30 अंक) — प्रश्न 7 से 11

---

**Q7.** निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

जिस योग्यता, प्रवृत्ति अथवा प्रेरणा के बल पर आग का व सुई-धागे का आविष्कार हुआ, वह है व्यक्ति विशेष की संस्कृति; और उस संस्कृति द्वारा जो आविष्कार हुआ, जो चीज़ उसने अपने तथा दूसरों के लिए आविष्कृत की, उसका नाम है - सभ्यता। जिस व्यक्ति में पहली चीज़, जितनी अधिक व जैसी परिष्कृत मात्रा में होगी, वह व्यक्ति उतना ही अधिक व वैसा ही परिष्कृत आविष्कर्ता होगा। एक संस्कृत व्यक्ति किसी नई चीज़ की खोज करता है; किंतु उसकी संतान को वह अपने पूर्वज से अनायास ही प्राप्त हो जाती है। जिस व्यक्ति की बुद्धि ने अथवा उसके विवेक ने किसी भी नए तथ्य का दर्शन किया, वह व्यक्ति ही वास्तविक संस्कृत व्यक्ति है और उसकी संतान जिसे अपने पूर्वज से वह वस्तु अनायास ही प्राप्त हो गई है, वह अपने पूर्वज की भाँति सभ्य भले ही बन जाए, संस्कृत नहीं कहला सकता। एक आधुनिक उदाहरण लें। न्यूटन ने गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत का आविष्कार किया। वह संस्कृत मानव था। आज के युग का भौतिक विज्ञान का विद्यार्थी न्यूटन के गुरुत्वाकर्षण से परिचित तो है ही; लेकिन उसके साथ उसे और भी अनेक बातों का ज्ञान प्राप्त है, जिनसे शायद न्यूटन भी अपरिचित ही रहा हो। ऐसा होने पर भी हम आज के भौतिक विज्ञान के विद्यार्थी को न्यूटन की अपेक्षा अधिक सभ्य भले ही कह सकें; पर न्यूटन जितना संस्कृत नहीं कह सकते।

(i) सुई-धागे के आविष्कार से आगे चलकर जो प्रगति हुई, वह क्या कहलाएगी? **[1]**

(a) सभ्यता
(b) संस्कृति
(c) देश विशेष की संस्कृति
(d) समाज विशेष की संस्कृति

(ii) व्यक्ति वास्तव में संस्कृत कब कहा जा सकता है? **[1]**

(a) पहले से उपलब्ध ज्ञान की मदद से नए आविष्कार करे
(b) जब वह बिना किसी की मदद से आगे बढ़े
(c) जब वह अपने विवेक से किसी नई चीज़ की खोज करे
(d) अपने पूर्वजों की खोज में नई उपलब्धियाँ जोड़े

(iii) निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है? **[1]**

(a) गुरुत्वाकर्षण सिद्धान्त के परिचय के साथ-साथ अन्य बातों की जानकारी सभ्यता कहलाती है।
(b) आग का आविष्कार व्यक्ति की संस्कृति के अंतर्गत आता है।
(c) जब कोई वस्तु बिना प्रयत्न प्राप्त हो जाती है तो वह संस्कृति कहलाती है।
(d) व्यक्ति में नया तथ्य जितना अधिक परिष्कृत होगा, वह उतना ही अधिक परिष्कृत आविष्कर्ता होगा।

(iv) 'जिस व्यक्ति में पहली चीज़, जितनी अधिक व जैसी परिष्कृत मात्रा में होगी, वह व्यक्ति उतना ही अधिक व वैसा ही परिष्कृत आविष्कर्ता होगा' वाक्य में 'पहली चीज़' से लेखक का क्या अभिप्राय है? **[1]**

(a) व्यक्ति में विद्यमान उसकी योग्यता, प्रवृत्ति और प्रेरणा का बल
(b) व्यक्ति में विद्यमान उसकी बुद्धि, शक्ति और सामर्थ्य का बल
(c) व्यक्ति में विद्यमान उसका शारीरिक बल
(d) व्यक्ति में विद्यमान उसका मानसिक बल

(v) संस्कृत व्यक्ति की संतान को कौन-सी चीज़ अपने पूर्वजों से प्राप्त नहीं हुई है? **[1]**

(a) सुई-धागे का आविष्कार
(b) नए तथ्यों को खोजना
(c) गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत
(d) आग का आविष्कार

**Q8.** निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए : **[2×3=6]**

(i) बालगोबिन भगत के संगीत को जादू क्यों कहा गया है? **[2]**

(ii) महानगरों की 'फ्लैट-कल्चर' और लेखिका मन्नू भंडारी के 'पड़ोस-कल्चर' में क्या अंतर दिखाई देता है? विचार करते हुए लिखिए। (लगभग 25-30 शब्दों में) **[2]**

(iii) क्या आपको नवाब साहब का व्यवहार सामान्य लगा? क्यों? युक्तियुक्त उत्तर दीजिए। **[2]**

(iv) शिष्या के फटी लुंगी/तहमद प्रसंग में बिस्मिल्ला खाँ ने अपनी शिष्या को क्या समझाया? प्रसंग स्पष्ट कीजिए। **[2]**

**Q9.** निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

मिला कहाँ वह सुख जिसका मैं स्वप्न देखकर जाग गया।
आलिंगन में आते-आते मुसक्या कर जो भाग गया।
जिसके अरुण-कपोलों की मतवाली सुंदर छाया में।
अनुरागिनी उषा लेती थी निज सुहाग मधुमाया में।
उसकी स्मृति पाथेय बनी है थके पथिक की पंथा की।
सीवन को उधेड़ कर देखोगे क्यों मेरी कंथा की?

(i) 'उसकी स्मृति पाथेय बनी है थके पथिक की पंथा की' पंक्ति में 'उसकी स्मृति' से कवि का संकेत किस ओर है? **[1]**

(a) पत्नी/प्रेयसी की ओर (b) मित्रगणों की ओर
(c) अतीत के सभी सुखों की ओर (d) बचपन की ओर

(ii) कवि अपने जीवन-पथ की थकान कैसे दूर करता है? **[1]**

(a) अपने अतीत की दुखद स्मृतियों के सहारे (b) साहित्य-मनन के सहारे
(c) अपने अतीत की सुखद स्मृतियों के सहारे (d) मित्रों के सहारे

(iii) 'आलिंगन में आते-आते मुसक्या कर जो भाग गया' – यहाँ 'जो' किस ओर संकेत करता है? **[1]**

(a) एक मित्र की ओर
(b) उस सुख की ओर जो हाथ आते-आते दूर चला गया
(c) एक पक्षी की ओर
(d) कवि के बचपन की ओर

(iv) 'अनुरागिनी उषा लेती थी निज सुहाग मधुमाया में' – इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है? **[1]**

(a) उपमा (b) रूपक (c) अतिशयोक्ति (d) मानवीकरण

(v) 'थके पथिक की पंथा' में 'पथिक' और 'पंथा' क्रमशः किसके प्रतीक हैं? **[1]**

(a) कवि का थका जीवन और जीवन-यात्रा का मार्ग
(b) मित्र और मित्रता
(c) यात्री और यात्रा-वृत्तांत
(d) प्रेयसी और प्रेम

**Q10.** निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए : **[2×3=6]**

(i) "सो बिलगाउ बिहाइ समाजा। न त मारे जैहहिं सब राजा॥" परशुराम के मुँह से ऐसा सुनकर लक्ष्मण की क्या प्रतिक्रिया रही? **[2]**

(ii) 'संगतकार' कविता के संदर्भ में लिखिए कि संगतकार कौन होता है? उसके द्वारा किस प्राचीन परंपरा का निर्वाह किया जाता है? **[2]**

(iii) 'उत्साह' और 'अट नहीं रही है' कविताओं के आधार पर सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' जी के प्रकृति-चित्रण का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए। **[2]**

(iv) 'यह दंतुरित मुसकान' का कवि बालक की माँ को धन्य क्यों कह रहा है? शिशु के प्रति माता किन कर्तव्यों का निर्वाह करती है? **[2]**

**Q11.** पूरक पाठ्यपुस्तक 'कृतिका भाग-2' पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए : **[4×2=8]**

(i) 'माता का अँचल' पाठ के आधार पर बालक भोलानाथ के भयभीत हो जाने वाली घटना का उल्लेख कीजिए। भयभीत भोलानाथ पिता के पास न जाकर माँ के पास ही क्यों गया ? लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए। **[4]**

(ii) "हम सभी नदियों और पर्वतों के ऋणी हैं" – कैसे ? 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। (लगभग 50-60 शब्द) **[4]**

(iii) लेखक ने 'लिखने' को लेकर कौन-कौन-से कारण प्रस्तुत किए ? 'मैं क्यों लिखता हूँ ?' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए। (लगभग 50-60 शब्द) **[4]**

## खंड – घ

रचनात्मक लेखन (20 अंक) — प्रश्न 12 से 15

**Q12.** निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : **[6]**

(i) 'भारतीय रसोई में बसता है सेहत का खजाना' विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए — • भारतीय रसोईघर : एक औषधालय • संतुलित एवं संपूर्ण आहार • स्वादिष्ट और सेहतमंद आहार

(ii) 'ऑनलाइन खरीदारी : समय की माँग' विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए — • ऑनलाइन खरीदारी से अभिप्राय • बदलते समय की आवश्यकता • खरीदारी के समय सावधानियाँ

(iii) 'डिजिटल दौर में मानवीय संपर्क' विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए — • मानवीय संपर्कों की आवश्यकता • वर्चुअल संबंध और वास्तविक संबंधों में कमी • वर्तमान समय की माँग

**Q13.** आप आनंदी/आनंद हैं। अपने क्षेत्र में बिजली की कटौती से उत्पन्न समस्याओं का उल्लेख करते हुए किसी लोकप्रिय दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। **[5]**

**अथवा**

अपने क्षेत्र की नालियों तथा सड़कों की समुचित सफ़ाई न होने पर स्वास्थ्य अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। **[5]**

**Q14.** आप मेधावी / माधव हैं। आपने पत्रकारिता में अपना अध्ययन पूरा कर लिया है। किसी प्रसिद्ध दैनिक समाचार पत्र में पत्रकार का पद रिक्त है। आप उक्त पद की योग्यता (पत्रकारिता में स्नातक) को धारण करते हैं। उक्त रिक्त पद हेतु समाचार पत्र के प्रमुख को आवेदन भेजने के लिए लगभग 80 शब्दों में अपना एक स्ववृत्त तैयार कीजिए। **[5]**

**अथवा**

आप मेधावी / माधव हैं। ए.टी.एम. कार्ड न मिलने की सूचना देते हुए संबंधित बैंक शाखा प्रबंधक को लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए। **[5]**

**Q15.** प्रदूषण से बचने के लिए पर्यावरण विभाग की ओर से जनहित में जारी एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए। **[4]**

**अथवा**

(ख) आपके कक्षा अध्यापक को 'राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। उन्हें बधाई देते हुए लगभग 40 शब्दों में संदेश लिखिए। **[4]**

*** * * END OF PAPER * * ***